OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**
**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 10

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 50 **Total Marks:** 50 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **50 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** प्रश्न निर्देशों के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों–'क' तथा 'ख' में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।**

## खंड (क) : कौशल आधारित प्रश्न

**I. *एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न* (*1-Key answer*)**

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. इनमें से किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है?**
(A) संस्कृत (B) मराठी
(C) बोडो (D) बँगला

**2. इनमें से किस वर्ण का उच्चारण-स्थान दंत्योष्ठ्य है?**
(A) प् (B) फ़्
(C) स् (D) म्

**3. विकार के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?**
(A) छह (B) सात
(C) पाँच (D) दो

**4. कौन 'खग' का अनेकार्थक शब्द नहीं है?**
(A) आकाश (B) पक्षी
(C) ग्रह (D) बादल

**5. 'वह जयंती (उत्सव/कार्यक्रम) जो 25 वर्ष पूरे होने के बाद मनाई जाती है' उसे कहते हैं–**
(A) स्वर्ण जयंती (B) रजत जयंती
(C) हीरक जयंती (D) प्लैटिनम जयंती

**6. इनमें से कौन-सा मेल स्वर संधि के अंतर्गत नहीं आता है?**
(A) स्वर + स्वर (B) ह्रस्व स्वर + ह्रस्व स्वर
(C) दीर्घ स्वर + व्यंजन (D) ह्रस्व स्वर + दीर्घ स्वर

**7. निम्नलिखित में से कौन विकारी शब्द है?**
(A) जल्दी (B) पढ़ना
(C) अथवा (D) वाह!

**8. निम्नलिखित में से किस वाक्य में प्रयुक्त शब्द-युग्म व्यापकता के अर्थ को प्रकट कर रहा है?**
(A) आदमी-आदमी में अंतर है। (B) मैंने घर-घर जाकर लोगों को समझाया।
(C) बक-बक करके सारा काम खराब कर दिया। (D) आज लाल-लाल सेब लेकर आना।

**9. कर्मधारय समास के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(A) कर्मधारय समास का पूर्वपद विशेषण होता है।
(B) कर्मधारय समास का पूर्वपद उपमेय होता है।
(C) कर्मधारय समास के दोनों पदों में उपमेय-उपमान या विशेषण-विशेष्य का संबंध होता है।
(D) कर्मधारय समास के समस्तपद बनाते समय कारकीय-चिह्नों का लोप किया जाता है।

**10. निम्नलिखित में से कौन भाववाचक संज्ञा शब्द है?**

(A) मानव (B) युवक

(C) वीर (D) शठता

**11. निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?**

(A) जिन सर्वनाम शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु आदि का निश्चित बोध होता है।

(B) जिन सर्वनाम शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु आदि का निश्चित बोध नहीं होता है।

(C) जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है।

(D) जिन सर्वनाम शब्दों से संबंध जोड़ने का काम किया जाता है।

**12. कौन-सा विशेषण शब्द अव्यय शब्द से बना है?**

(A) बनारसी (B) लड़ाकू

(C) भीतरी (D) भगोड़ा

**13. किस वाक्य के रेखांकित अंश में अधिकरण कारक का प्रयोग हुआ है?**

(A) पिता जी से अब काम नहीं होता। (B) वह पेंसिल से चित्र बनाती है।

(C) बुआ जी सुबह वाली ट्रेन से आई थीं। (D) भँवरे फूलों पर मँडरा रहे हैं।

**14. किस वाच्य में क्रियाएँ सदैव एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती हैं?**

(A) कर्तृवाच्य (B) भाववाच्य

(C) कर्मवाच्य (D) सभी में

**15. 'अच्छे स्वास्थ्य के लिए बच्चों का दूध पीना आवश्यक है।' वाक्य के रूपांतरण से बना संयुक्त वाक्य है–**

(A) बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा हो इसलिए उनके द्वारा दूध पीना आवश्यक है।

(B) यदि आप चाहते हैं कि बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा हो तो उनके लिए दूध पीना आवश्यक है।

(C) जो बच्चे अपना अच्छा स्वास्थ्य चाहते हैं उनके लिए दूध पीना आवश्यक है।

(D) उन बच्चों के लिए दूध पीना आवश्यक है, जो अच्छा स्वास्थ्य चाहते हैं।

**16. 'युद्धभूमि में पुत्र की बहादुरी की प्रशंसा सुनकर राणा जी की ................।' वाक्य के रिक्त स्थान में आने वाला उपयुक्त मुहावरा है–**

(A) आँखें खुलना (B) बाँछें खिलना

(C) मुँह तोड़ जवाब देना (D) नाक-भौं चढ़ना

**17. किस वाक्य में द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) माँ बच्चे को आया से चलवा रही है। (B) मैंने धोबी से कपड़े प्रेस करवाई।

(C) मैंने अपने दोस्त को फ़िल्म दिखाई। (D) वह नौकर से खाना बनवा रही है।

**18. हिंदी में 'तू' सर्वनाम का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके लिए होता है?**

(A) अपने से बड़ों के लिए (B) किसी अपरिचित व्यक्ति के लिए

(C) बहुत अधिक निकट/घनिष्ठ व्यक्ति के लिए (D) तीनों उत्तर गलत।

**19. 'धर्मच्युत' में कौन-सा समास है?**

(A) कर्मधारय समास (B) बहुव्रीहि समास

(C) तत्पुरुष समास (D) द्विगु समास

**20. किस वाक्य में जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) बापू ने देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। (B) महात्मा जी ने हमें आज़ादी दिलाई।
(C) मेरी कुरसी टूट चुकी है, नई ले आना। (D) भारत को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य सरदार ने किया।

**21. 'अजंत' शब्द किस संधि का उदाहरण है?**

(A) स्वर संधि (B) दीर्घ संधि
(C) विसर्ग संधि (D) व्यंजन संधि

**22. पद के संदर्भ में सही विकल्प चुनिए–**

(A) 'शब्द' को ही पद कहा जाता है। (B) वाक्य में प्रयुक्त होने के बाद शब्द पद कहलाने लगता है।
(C) (A) तथा (B) दोनों (D) इनमें से कोई भी नहीं

**23. अपादान तत्पुरुष का उदाहरण कौन-सा है?**

(A) राजकुमार (B) शक्तिहीन
(C) घर-घर (D) रसोईघर

**24. 'आपकी साड़ी बहुत सुंदर है।' रेखांकित पद है–**

(A) सर्वनाम, मध्यम पुरुष, आदरसूचक स्त्रीलिंग, बहुवचन, संबंध कारक में।
(B) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक में।
(C) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, संबंध कारक में।
(D) सार्वनामिक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक में।

**25. किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) इस घर में पंद्रह लोग रहते हैं। (B) इस घर में बहुत सामान है।
(C) उसने तीन किलो आलू खरीदे। (D) मुझे पाँच लीटर दूध चाहिए।

**26. कर्मवाच्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग अनिवार्य रूप से होता है?**

(A) पूर्ण अकर्मक क्रिया (B) सकर्मक क्रिया
(C) अकर्मक क्रिया (D) इनमें से कोई नहीं

**27. किस वाक्य का रेखांकित पद निपात नहीं है?**

(A) उसे ही क्यों परेशान किया जा रहा है? (B) हम भी आम आदमी के साथ हैं।
(C) शिक्षा मात्र से सब कुछ नहीं होगा। (D) वे आएँगे पर खाना नहीं खाएँगे।

**28. 'गरमियों में बहुत लोग कश्मीर जाते हैं।' वाक्य के रेखांकित पद का सही पद-परिचय है–**

(A) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'लोग' संज्ञा की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(B) संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिग, एकवचन, 'लोग' संज्ञा की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(C) गुणवाचक विशेषण, पुल्लिग, बहुवचन, 'लोग' संज्ञा की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(D) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिग, बहुवचन, 'लोग' संज्ञा की विशेषता बताने का प्रकार्य।

**29. इनमें से किसमें क्रियाविशेषण पदबंध है?**

(A) भारत का उत्तर में स्थित हिमालय को भारत का प्रहरी कहा जाता है।
(B) धीरे-धीरे चलने वाला कछुआ रेस जीत गया।
(C) पिता जी रात को काफी देर से वापस आए।
(D) ट्रेन जोर से सीटी बजाती हुई भागी जा रही थी।

**30. कौन-सा वाक्य संकेतवाचक वाक्य है?**

(A) अगर बारिश आएगी तो हम नहीं निकल पाएँगे। (B) ओह! कितना सुंदर दृश्य है।
(C) चलिए, यहाँ से चलते हैं। (D) मैं थोड़े ही किसी से डरता हूँ।

**II. *बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न*** *(2-Key answer)*

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. इनमें से किन दो कवियों का संबंध रीति काल से है?**

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) घनानंद
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) बिहारी

**32. ओलंपिक 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड डबल में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं–**

(A) मनु भाकर (B) अभिनव बिंद्रा
(C) नीरज (D) सबरजोत सिंह

**33. निम्नलिखित में से किन दो को वर्ष 2023-24 का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया है?**

(A) उर्दू कवि गुलज़ार (B) कृष्णा सोबती
(C) जगत् गुरु राम भद्राचार्य (D) डॉ० रघुबीर चौधरी

**34. व्याकरण के संबंध में कौन-से दो कथन असत्य हैं?**

(A) 'व्याकरण' वह शास्त्र है, जिसके अंतर्गत साहित्य का अध्ययन किया जाता है।
(B) व्याकरण के द्वारा हमें भाषा के शुद्ध और अशुद्ध रूप का ज्ञान होता है।
(C) पहले भाषाओं के व्याकरण तैयार किए गए, बाद में व्याकरण के आधार पर भाषा का प्रयोग किया गया।
(D) व्याकरण भाषा के नियम नहीं बनाता।

**35. कौन-से दो वाक्य कर्तृवाच्य के हैं?**

(A) लड़का दूध-रोटी खाता है। (B) माँ के द्वारा रोटी बनाई गई।
(C) लड़के ने रोटी खाई। (D) माँ से चला नहीं जाता।

**36. क्रियाविशेषण के संबंध में कौन-से दो कथन सत्य हैं?**

(A) क्रिया के घटित होने का स्थान बताता है। (B) वाक्य में आए पदों से संबंध का बोध करता है।
(C) क्रिया के घटित होने का समय बताता है। (D) यह शब्दों, पदों, पदबंधों या वाक्यों को जोड़ता है।

**37. कौन-से दो शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं?**

(A) दार्शनिक (B) आर्शीवाद
(C) सूर्य (D) कवियित्री

**38. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-से दो वाक्य अशुद्ध हैं?**

(A) मोहन, सोहन और मीरा जा रही है। (B) मोहन, सोहन या गीता जाएगी।
(C) गीता, मोहन या सोहन जाएगा। (D) मधु, शीला और मीरा फ़िल्म देखने जाएगी।

**39. किन दो वाक्यों के रेखांकित अंश में संज्ञा पदबंध का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(A) मुझसे <u>लकड़ी की बड़ी अलमारी की चाबी</u> खो गई है। (B) मीरा <u>हिंदी की अध्यापिका</u> है।
(C) ट्रक <u>बड़ी तेजी</u> से मुड़ा। (D) वह <u>दस साल बाद</u> लौटा है।

**40. निम्नलिखित में से किन दो वाक्यों में क्रियाविशेषण अव्यय का प्रयोग हुआ है?**

(A) रमा सुंदर लिखती है। (B) मैं तो जाने से रहा।
(C) आप ही कर सकते हैं। (D) मोहन बहुत थक गया है।

**41. इनमें से किन दो में अयादि संधि है–**

(A) स्वच्छ (B) व्याप्त
(C) गायक (D) पवन

**42. इनमें से दो लोकोक्तियाँ हैं–**

(A) चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए (B) घर का भेदी लंका ढाए
(C) बंटाधार होना (D) फूलकर कुप्पा हो जाना

## खंड (ख) : उच्च चिंतन कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को <u>एक</u> सही विकल्प का चयन करना है।**

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 43 से 45 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

'घर' जैसा छोटा-सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ़्लैट, कमरा, कोठी, बँगला आदि इसके समानार्थी बिलकुल भी नहीं लगते हैं क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों, छतों और बाहरी व आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है, जबकि घर प्यार-भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है, जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें, आपसी तालमेल की छतें, रिश्तों की मधुरता के खिले-खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो। घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता, जो संबंधों को महकाकर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं, तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है, तो घर अठखेलियाँ करता है, रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है, इसलिए रिश्ते हैं, तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मज़बूत होगी, घर उतना ही मज़बूत होगा। न जाने क्यों, आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, उसके मन की कोमलता, कठोरता में बदल रही है; दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशीनियत बढ़ रही है, इसलिए उसके लिए घर के मायने बदल रहे हैं; उसकी अहमियत बदल रही है, इसी कारण परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (वैयक्तिकता) के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है। एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं। काश! सब घर की अहमियत समझते और अपना अहं हटाकर घर को घर बनाए रखने का प्रयास करते।

**43. भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे-से शब्द की 'विशालता' में निहित हैं–**
**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**
**कथन :**

(*i*) प्रेम, विश्वास, रिश्ते-नातों का माधुर्य व संवेदनाएँ (*ii*) आकर्षक, बनावट, सुंदर लोग, वैभव व संपन्नता
(*iii*) सुंदर रंग संयोजन, आंतरिक सजावट एवं हरियाली (*iv*) स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएँ, संपन्नता व साज-सज्जा

**विकल्प :**

(A) कथन (*i*) सही है। (B) कथन (*i*) व (*ii*) सही हैं।
(C) कथन (*ii*) व (*iii*) सही हैं। (D) कथन (*iii*) व (*iv*) सही हैं।

**44. गद्यांश में प्रेम को घर का क्या बताया गया है?**

(A) आभूषण (B) नींव
(C) भरोसा (D) उल्लास

**45. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A)** – आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशीनियत बढ़ती जा रही है।
**कारण (R)** – व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है।

(A) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(B) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(C) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(D) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**46. कौन असंगत सर्वनाम समूह है?**

(A) मैं, मेरा, हम, मुझे
(B) यह, वह, ये, वे
(C) तू, तुम, आप, तुमने
(D) मुझको, तुम्हें, उनको, आप

**47. रिक्त स्थान के लिए सोच-समझकर उपयुक्त वाक्य का चयन कीजिए।**

**कर्ता के रूप में संज्ञा पदबंध** : विदेशों में रहने वाले सभी भारतीय अपने देश को याद करते हैं। :: **प्रत्यक्ष कर्म के रूप में संज्ञा पदबंध** : ..................... .....................

(A) भिखारी को कल रात की बची हुई सब्ज़ी दे दो।
(B) सीता हिंदी की अध्यापिका है।
(C) मदन आँख का डॉक्टर है।
(D) इनमें से कोई नहीं

**48. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए।**

| **वाक्य** | **वाक्य-भेद** |
|---|---|
| (*i*) मुझे पूरा विश्वास है कि तुम परीक्षा में पास हो जाओगे। | (*i*) संयुक्त वाक्य |
| (*ii*) जो लोग झूठ बोलते हैं, उन्हें कोई पसंद नहीं करता। | (*ii*) मिश्र वाक्य |
| (*iii*) मासूम बच्चे को देखकर सभी प्रसन्न हो गए। | (*iii*) सरल वाक्य |
| (*iv*) जब आप उठेंगे, तब आपको चाय मिलेगी। | (*iv*) संयुक्त वाक्य |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(A) (*i*) और (*ii*)
(B) (*ii*) और (*iii*)
(C) (*i*), (*ii*) और (*iii*)
(D) (*iii*) और (*iv*)

**49. मिलान करते हुए उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

| **वाक्य** | **अशुद्धियाँ** |
|---|---|
| (क) बेटी पराये घर का धन होता है। | (*i*) वचन संबंधी अशुद्धि |
| (ख) भारत में अनेकों राज्य है। | (*ii*) पदक्रम संबंधी अशुद्धि |
| (ग) गाय का ताकतवर दूध होता है। | (*iii*) वर्तनी संबंधी अशुद्धि |
| (घ) मैंने अपना ग्रहकार्य कर लिया। | (*iv*) लिंग संबंधी अशुद्धि |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(A) (क)-(*ii*), (ख)-(*i*), (ग)-(*iv*), (घ)-(*iii*)
(B) (क)-(*iv*), (ख)-(*i*), (ग)-(*ii*), (घ)-(*iii*)
(C) (क)-(*ii*), (ख)-(*i*), (ग)-(*iv*), (घ)-(*iii*)
(D) (क)-(*ii*), (ख)-(*i*), (ग)-(*iv*), (घ)-(*iii*)

**50. इनमें से कौन असंगत वर्ग है?**

(A) कर्मभूमि, गबन, गोदान
(B) अनामदास का पोथा, कालीदास की लालित्य-योजना नाथ संप्रदाय
(C) नदी प्यासी थी, नीली झील, गुनाहों का देवता
(D) मेरी लद्दाख यात्रा, रानी नागफनी की कहानी, मेरी तिब्बत यात्रा।

GRADE
10